आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 18.04.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- भारतीय सेना का साहसिक 'सूर्य देवभूमि चैलेंज' उत्तरकाशी से शुरू, पहले दिन आज नेलांग में 110 किलोमीटर लंबी रोमांचक साइक्लिंग प्रतियोगिता का आयोजन।
- राज्य में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर रह रहे विदेशी घुसपैठियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता और रोजगारपरकता को प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया।
- देहरादून के आईएसबीटी में जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए ड्रेनेज सिस्टम और नाले की सफाई का कार्य तेजी से जारी।

सूर्य देवभूमि चैलेंज

भारतीय सेना आज से उत्तरकाशी में तीन दिवसीय ''सूर्य देवभूमि चैलेंज'' के तहत एक अनूठे अल्ट्रा–एंड्योरेंस इवेंट का आयोजन कर रही है। यह आयोजन भारतीय सेना की सूर्या कमान द्वारा उत्तराखंड पर्यटन विभाग के सहयोग से किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य रोमांच, विरासत और सतत विकास को बढ़ावा देना है।

यह अभियान 20 अप्रैल तक चलेगा, जिसमें साइक्लिंग और ट्रेल रनिंग की गतिविधियां शामिल हैं। आज नेलांग से एक सौ दस किलोमीटर लंबी साइक्लिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई है, जो गंगोत्री और हर्षिल से होते हुये भटवारी पर समाप्त होगी। कल भटवारी से बुद्ध केदार तक 37 किलोमीटर ट्रेल रनिंग और 20 अप्रैल को धुद्ध–त्रियुगीनारायण–सोनप्रयाग तक 40 किलोमीटर की ट्रेल और वैली रन आयोजित की जाएगी।

यह सभी मार्ग उत्तराखंड के सांस्कृतिक और प्राकृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्रों से होकर गुजरते हैं।

सूर्य देवभूमि चैलेंज का प्रमुख उद्देश्य साहसिक और शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देना, वाइब्रेंट विलेज योजना और रिवर्स माइग्रेशन को समर्थन देना तथा नागरिक–सैन्य सहयोग को मजबूत करना है।

राज्य स्तरीय पुलिस संगोष्ठी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर रह रहे विदेशी घुसपैठियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इसके लिये पुलिस और प्रशासन को मिलकर व्यापक अभियान चलाने को कहा है। देहरादून में हुई राज्य स्तरीय पुलिस संगोष्ठी में मुख्यमंत्री ने घुसपैठियों को फर्जी प्रमाण पत्र देने वालों पर कठोर कार्रवाई के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की शांतिपूर्ण छवि को कोई भी आपराधिक तत्व नुकसान न पहुंचा सके, इसके लिए पुलिस को सतर्क रहना होगा।

तीन घंटे से अधिक चली इस बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने पुलिस महानिदेशक और सभी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और पुलिस अधीक्षकों से विभागीय जानकारियां प्राप्त कीं। इस दौरान उन्होंने कैंची धाम में अगले दस दिन के भीतर हैलीपेड बनाने के निर्देश दिए और कहा कि वे स्वयं 10 दिन बाद इसका निरीक्षण करेंगे। इसके अतिरिक्त, पर्यटन के विकास के लिए पार्किंग और अन्य सुविधाओं के प्रस्ताव जल्द प्रस्तुत करने को भी कहा गया। साथ ही नैनीताल में पर्यटकों की सुविधा के लिये अस्थायी पार्किंग और शटल सेवा शुरू करने के निर्देश भी दिये गये।

मुख्यमंत्री ने साइबर अपराधों में एफआईआर में देरी पर नाराजगी जताई और इन मामलों में तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही साइबर जागरूकता अभियान चलाने को भी कहा।

कुंभ 2027 तैयारियां–समीक्षा

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने कुंभ 2027 के मद्देनज़र सभी कार्यदायी विभागों को एक सप्ताह के भीतर अपने नोडल अधिकारी नामित करने और आवश्यक पदों का सृजन करनें के निर्देश दिये हैं। हरिद्वार में होने वाले कुंभ की तैयारियों को लेकर सचिवालय में आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव ने सभी संबंधित विभागों को योजनाएं और प्रस्ताव जल्द तैयार करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जिन समितियों और उपसमितियों का गठन किया जाना है, वह भी जल्द पूरा कर लिया जाए। उन्होंने बताया कि कुंभ 2027 से संबंधित सभी प्रस्ताव और आकलन 30 अप्रैल तक केंद्र सरकार को भेजे जाएंगे।

मुख्य सचिव ने शाही स्नान जैसे प्रमुख पर्वों पर श्रद्धालुओं की अनुमानित संख्या के आधार पर भीड़ और ट्रैफिक प्रबंधन की योजना तैयार करने को कहा। उन्होंने आने वाले समय में कनेक्टिविटी बढ़ने के साथ श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि की संभावना जताते हुए उसके अनुसार योजना बनाने के निर्देश दिए। नए पार्किंग स्थल चिन्हित करने और पुराने पार्किंग स्थलों की क्षमता बढ़ाने को भी कहा गया।

विद्युत वितरण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि उत्तराखंड में विद्युत वितरण क्षेत्र में पारदर्शिता और तकनीकी विकास के लिए 16 लाख स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं। राज्य में इकोनॉमी और इकोलॉजी के संतुलन के साथ हरित ऊर्जा को बढ़ावा दिया जा रहा है।

मुख्य सेवक सदन में ऊर्जा निगमों के कार्मिकों द्वारा आयोजित स्वागत कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने ऊर्जा से जुड़ी योजनाओं और उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि राज्य को पावर सरप्लस बनाने के लिए लखवाड़, जमरानी और सौंग बांध जैसी प्रमुख परियोजनाएं चालू हैं।

देहरादून में बिजली लाइनों का भूमिगतरण, और ऑटोमेटेड डिमांड रिस्पॉन्स सिस्टम से करोड़ों की बचत हुई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पीएम सूर्य घर योजना के तहत प्रदेश में बीस हजार रूफटॉप सोलर प्लांट लगाए गए हैं।

मां अन्नपूर्णा देवी मंदिर कपाट

उत्तरकाशी के डोडीताल स्थित मां अन्नपूर्णा देवी मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। समुद्रतल से लगभग 12 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित डोडीताल में पिछले शुक्रवार को अगोड़ा गांव से देव डोली की अगुवाई में धार्मिक यात्रा रवाना हुई थी। डोडीताल पहुंचने के बाद श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में रात्रि जागरण किया। इसके बाद देव डोली का पवित्र स्नान कराया गया और पूजा–अर्चना के साथ मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोले गए।

रोजगारपरक शिक्षा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता और रोजगारपरकता को प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया है। सचिवालय में उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में श्री धामी ने अधिकारियों को प्रदेश में व्यावसायिक, उद्यमिता व रोजगारपरक शिक्षा को व्यापक रूप से बढ़ावा देने के निर्देश दिये। उन्होंने युवाओं के कौशल विकास को रोजगार से जोड़ने पर बल देते हुए कहा कि विदेशों में मानव संसाधन की बढ़ती मांग के अनुरूप युवाओं को विदेशी भाषाओं और आवश्यक तकनीकी दक्षताओं का प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि विदेशी दूतावासों से समन्वय कर विभिन्न देशों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण व्यवस्था विकसित की जाए, जिससे राज्य से दक्ष मानव संसाधन विदेशों में रोजगार प्राप्त कर सकें।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और संसाधनों में सुधार के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा संस्थानों में अध्यापकों को आधुनिक तकनीक आधारित प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। शिक्षण को

रुचिकर बनाने के लिए सहायक सामग्री की उपलब्धता, पुस्तकालयों में पर्याप्त पुस्तकों और प्रयोगशालाओं में आवश्यक उपकरणों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

ड्रेनजे सिस्टर सुधार

देहरादून के आईएसबीटी क्षेत्र में जलभराव की पुरानी समस्या को दूर करने के लिए ड्रेनेज सिस्टम और नाले की सफाई का कार्य तेजी से चल रहा है। जिलाधिकारी सविन बंसल ने निर्देश दिए हैं कि अगले सात दिनों तक यह कार्य दिन–रात जारी रहेगा और संबंधित विभागों के अधिकारी हर वक्त कार्यस्थल पर मौजूद रहेंगे।

स्मार्ट सिटी योजना के तहत एक सौ साठ सेंटीमीटर व्यास की ड्रेनेज लाइन बिछाने का कार्य दिन–रात किया जाएगा। जिलाधिकारी ने मई से पहले यह कार्य पूरा करने के निर्देश दिये हैं ताकि मानसून से पहले जलभराव की समस्या से निपटा जा सके।

गौरतलब है कि शिमला बाईपास से मुस्लिम बस्ती की ओर सीवर लाइन बिछाई जा रही है। साथ ही मुस्कान होटल के पास चोक सीवर लाइन की मरम्मत का कार्य भी किया जा रहा है।

इस दौरान शिमला बाईपास चौक से सेंट जूड चौक तक 300 मीटर क्षेत्र में यातायात को डायवर्ट किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक, यातायात, को निर्देश दिए गए हैं कि इस क्षेत्र में सात दिन तक एक लेन को यातायात से मुक्त रखा जाए। यूपीसीएल को निर्देशित किया गया है कि बिजली की लाइनों को भूमिगत करें या पोल शिफ्ट करें ताकि कार्य में कोई बाधा न हो। साथ ही जल संस्थान को क्षेत्र की सभी सीवर और जलापूर्ति लाइनों को सक्रिय रखने और आवश्यक सहयोग देने के निर्देश दिए गए हैं।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा है कि सभी विभाग कार्य को समय पर पूरा करें और आदेशों का अनुपालन न करने पर संबधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

मौसम

मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में अगले तीन दिनों में बारिश, ओलावृष्टि और आंधी की संभावना जताई है। विभाग ने राज्य के सभी जिलों में कल तेज झोंकेदार हवाओं और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इस दौरान चलने वाली आंधी की रफ्तार 50 से 70 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंचने की संभावना है।

मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि खराब मौसम से फसलों, पेड़ों, वाहनों और कच्चे मकानों को नुकसान हो सकता है। लोगों से अपील की गई है कि वे इस दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहें।

इस बीच, राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने सभी जिलाधिकारियों को एक पत्र प्रेषित किया है, जिसमें मौसम विभाग की चेतावनी के मद्देनजर सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है और किसी भी आपदा की स्थिति में त्वरित कार्यवाही करने को कहा गया है।

वहीं, मौसम विभाग के अनुसार 21 अप्रैल से मौसम में सुधार हो सकता है और तापमान में हल्की गिरावट भी आ सकती है।

टास्क फोर्स

नैनीताल में पर्यटक सीजन के दौरान व्यवस्थाएं बनाए रखने और पर्यटकों की सुविधाओं के लिए प्रशासन द्वारा एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जा रहा है। इस कक्ष का शिकायत नम्बर जल्द जारी किया जाएगा।

जिलाधिकारी वंदना ने नैनीताल क्लब सभागार में बैठक के दौरान बताया कि पर्यटकों से अभद्रता और होटलों में मनमाफिक किराया वसूलने जैसी शिकायतों पर नजर रखने के लिए अलग से टास्क फोर्स गठित की गई है।

उन्होंने बताया कि पर्यटक वाहनों का दबाव बढ़ने की स्थिति में काठगोदाम के पास रानीबाग और गौलापार से शटल वाहन चलाने का निर्णय लिया गया है, जिसके लिए परिवहन विभाग को ट्रायल कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं।